# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
नई दिल्ली–110016

## परीक्षा विभाग

क्रमांकः रा.सं.वि. / परीक्षा / 2020–21 / 1862 दिनांक : 18.12.2020

## परीक्षकों एवं परीक्षार्थियों से सम्बन्धित सूचना

ऑनलाईन (व्हट्सप) माध्यम से शास्त्री, आचार्य, एम.ए योग, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य, पुनः परीक्षार्थियों की परीक्षा करवाने हेतु दिशा–निर्देशः-

1. छात्रों की पुनः परीक्षायें विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध परीक्षा समय-सारणी के अनुसार आयोजित की जायेगी। परीक्षा की अवधि 03 घण्टे होगी जो प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ होकर अपराह्ण 01:00 बजे तक एवं सांय 02:00 बजे से 05:00 बजे तक सम्पन्न होगी।
2. उपर्युक्त पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित पुनः परीक्षार्थियों की सूची पूर्ण विवरण सहित विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध होगी। जिससे प्रत्येक परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक तथा विषय एवं अन्य जानकारी प्राप्त कर उत्तर पुस्तिका हेतु उसका प्रयोग कर सकते है।
3. कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण सभी पाठ्यक्रमों के विषयों का अध्यापन कराने वाल अध्यापकों को परीक्षक तथा परीक्षा की तिथि से सम्बन्धित उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का दायित्व प्रदान किया गया है।
4. परीक्षा विभाग अध्यापकों तथा संगणक विभाग के सहयोग से परीक्षा प्रारम्भ होने से 30 मिनट पूर्व प्रत्येक छात्र को उपस्थिति पत्र का लिंक व्हट्सप द्वारा भेजेगे जिसके द्वारा छात्र परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व अपनी परीक्षा में उपस्थिति की जानकारी देगा। तदोपरांत संगणक विभाग द्वारा प्रत्येक ग्रुप से जुड़े हुये परीक्षक तथा परीक्षार्थियों को व्हट्सप द्वारा सम्बन्धित तिथि का प्रश्न–पत्र उपलब्ध किया जायेगा।
5. परीक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात परीक्षक अपने ग्रुप के परीक्षार्थियों को अपना मोबाईल नम्बर (व्हट्सप) प्रदान करायेगें। परीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों को यह भी सूचना दी जायेगी कि कोई भी परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्किा (व्हट्सप) ग्रुप पर प्रेषित न करें।
6. परीक्षा समय समाप्ति के पश्चात सम्बन्धित परीक्षार्थि अपनी उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त परीक्षक को उनके व्हट्सप मोबाईल नम्बर पर स्केन (फोटो) कर उसकी पी.डी.फ. (P.D.F. Format) फाईल बनाकर 15 मिनट के भीतर प्रेषित करेगें। दिये गये समय के उपरान्त भेजी गयी उत्तरपुस्तिकायें स्वीकार्य नहीं होगी।

7. परीक्षक द्वारा अंकसूची तेयार करने का प्रोफार्मा परीक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध किया जायेगा जिससे सभी परीक्षक उसे वेबसाईट से डाउनलोड करने का कष्ट करें।

8. परीक्षक द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की जॉच के उपरान्त उत्तरपुस्तिकाओं को जॉच कर अंकसूची तथा उत्तरपुस्तिकाओं को परीक्षा विभाग के ई-मेल आई.डी (exam@slbsrsv.ac.in) पर 03 दिन के भीतर प्रेषित करने का कष्ट करें।